# ग्राम बम्हनी बरेला में गो–पशुपालकों के लिए प्रशिक्षण एवं आदान सामग्री वितरण कार्यक्रम आयोजित

मेरठ स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद – केंद्रीय गौ अनुसंधान केंद्र, मेरठ द्वारा वित्तपोषित अनुसूचित जाति उप योजना के अंतर्गत ग्राम बम्हनी बरेला में गो–पशुओं हेतु प्रशिक्षण सह आदान सामग्री वितरण कार्यक्रम का आयोजन पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर द्वारा किया गया। यह कार्यक्रम माननीय कुलपति प्रोफेसर मनदीप शर्मा, नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य गो–पशुपालकों को वैज्ञानिक पशुपालन पद्धतियों, पोषण, स्वास्थ्य प्रबंधन एवं उत्पादकता वृद्धि के बारे में जागरूक करना रहा।




इस अवसर पर डॉ. सुनील नायक, संचालक विस्तार सेवाएं, नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय; डॉ. आर. के. शर्मा, अधिष्ठाता, पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय; तथा डॉ. संजीव वर्मा, प्रधान वैज्ञानिक, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद – केंद्रीय गो अनुसंधान केंद्र, मेरठ ने सहभागिता की तथा कार्यक्रम में तकनीकी सत्रों के माध्यम से पशुओं के संतुलित आहार, रोग–नियंत्रण, टीकाकरण एवं स्वच्छ प्रबंधन पर मार्गदर्शन दिया गया। साथ ही पात्र लाभार्थियों को उपयोगी आदान सामग्री जैसे खनिज लवण, काऊ मैट तथा दूध की कैन का वितरण किया गया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. अंकुर खरे, डॉ. आनंद जैन, डॉ. प्रमोद शर्मा, डॉ. निर्मला मुवेल एवं डॉ. भावना अहरवाल का योगदान रहा। इस अवसर पर डॉ. विष्णु कुमार गुप्ता, पशु चिकित्सा विस्तार अधिकारी, बरेला द्वारा पशु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें पशुओं की स्वास्थ्य जांच, उपचार एवं दवा वितरित की गई। इस कार्यक्रम में बम्हनी के सरपंच श्रीमती वर्षा नीलकमल झारिया भी विशेष रूप से उपस्थित हुए।

आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से ग्रामीण क्षेत्रों में गो–पशुपालन को वैज्ञानिक आधार मिलेगा, जिससे किसानों की आय में वृद्धि और पशु–स्वास्थ्य में सुधार सुनिश्चित होगा।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर